# कार्यालय नगर पालिक निगम रतलाम म.प्र.

दिनांक 05–03–2021

## बैठक कार्यवृत दिनांक 05–03–2021

दिनांक 05–03–2021 को सायं 6.00 बजे स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 बाबत आयोजित समीक्षा बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही ;–

1– श्री विकास सोलंकी–उपायुक्त, नगर पालिक निगम,
2– श्रीमती ज्योति सुनारिया–सहायक आयुक्त,
3– श्री सुरेशचन्द्र व्यास–प्र0कार्यपालन यंत्री,
4– श्री जी.के. जायसवाल–प्र0कार्यपालन यंत्री,
5– श्री श्याम कुमार सोनी–प्र0सहायक यंत्री,
6– श्री एम.के. जैन–प्र0सहायक यंत्री,
7– श्री ए.पी. सिंह–प्र0स्वच्छता अधिकारी,
8– श्री जसवन्त जोशी–प्र0सचिव,
9– श्री रामचन्द्र शर्मा–प्र0कार्यालय अधीक्षक,
10– श्री बी.एल. चावरे–प्र0स्थापना,
11– श्री सुहास पंडित–उप यंत्री–जलप्रदाय,
12– श्री भैयालाल चौधरी उप यंत्री,
13– श्री राजेश पाटीदार–उप यंत्री,
14– श्री ब्रजेश कुशवाह–उप यंत्री,
15– श्री विकास सिंह मरकाम–उप यंत्री,
16– श्री मनीष तिवारी–उप यंत्री.,
17– श्री सिद्धार्थ सोनी–उप यंत्री,
18– श्रीमती अनिता ठाकुर–उप यंत्री,
19– सुश्री दीक्षा निजामपुरकर–उप यंत्री,,
20– श्री पर्वत कुमार हाड़े–प्र0स्वच्छता निरीक्षक,
21– श्री किरण कुमार चौहान, ,,
22– श्री कपिल मारोठिया, सिटी मिशन मैनेजर,
23– श्री नितिन तिवारी, ,,
24– श्री धर्मेन्द्र दोगाया–उद्यान पर्यवेक्षक,
25– श्री अनिल पारा–उद्यान पर्यवेक्षक,
26– श्री आशीष चौहान उप स्वच्छता पर्यवेक्षक,
27– श्रीमती मौनिका चौहान ,,
28– श्री जय उपाध्याय, ,,
29– श्री तरूण राठोड़, ,,
30– श्री प्रमोद तिवारी–स्टेनोग्राफर,
31– श्री वासुदेव बैरागी–समयपाल,
32– श्री बलवंतसिंह राठौर–स0रा0नि0,
33– श्री हेमन्त बंदोड़िया–स्थायीकर्मी,
34– श्री प्रतीक मिश्रा–कंसलटेंट–सालिड वेस्ट मैनेजमेंट एक्सपर्ट (PIU)
35– श्री राहुलसिंह राठौर–आस्था–आईसीटी संस्था,
36– श्री नवीन बैरागी–कंप्युटर आपरेटर,
37– वार्ड नं0 7,8,17 व 19 के वार्ड प्रभारी (दरोगा),



Scanned with CamScanner

बैठक में सर्वप्रथम वार्ड में मानीटरिंग हेतु नियुक्त पर्यवेक्षक द्वारा वार्ड की व्यवस्था बाबत अवगत कराया गया, जिस पर संबंधित अधिकारी को इस पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

पश्चात् निम्नानुसार निर्देश दिये गए :–

1– नालियों की सफाई करके रजिस्टर में इंट्री की जाए व जिन नाली की प्रतिदिन सफाई नहीं होती है उन नाली की सप्ताह में एक दिन सफाई करवायी जावे।

2– नाले 100 प्रतिशत साफ करवाये जाएं। इनमें जो नाले मैन्युअली साफ हो सकते हैं उन्हें मेन्युअली साफ कराया जाय तथा जिन नालों में जेसीबी जा सकती हो उनकी जेसीबी मशीन से सफाई करवायी जाय तथा नाला साफ कराने की इंट्री रजिस्टर में की जाय, नाले की सफाई प्रति माह करवायी जावे ।

3– बस स्टैंड की समुचित सफाई करवायी जाना सुनिश्चित किया जाय ।

4– जीरो वेस्ट वार्ड (Zero waste ward) अन्तर्गत फिलहाल जब तक स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 का कार्य नहीं हो जाता तब तक आगामी आदेश तक वार्ड नं0 07, 08, 17 व 19 में पायलट प्रोजेक्ट के अन्तर्गत पूर्वानुसार कार्य करवाया जावे ।

5– आस्था आईसीटी संस्था द्वारा 100 सदस्यों की टीम स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 हेतु नियुक्ति की जाय ताकि सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण किया जा सके, दिनांक 08–03–2021 के पूर्व इसमें प्रगति होना सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा की स्थिति में उक्त दिनांक से आगामी कायवाही की जावेगी।

6– मार्केट एरिया में नीचे बैठकर सब्जी आदि बेंचने वाले से 50 माइक्रान से कम मोटाई की पॉलीथिन जब्त की जाकर उन पर रू0 50/– का स्पाट फाईन किया जावे ।

7– दुकान के सामने यदि खुला कचरा पड़ा हुआ मिले तो रू0 500/– का स्पाट फाईन किया जावे ।

8– इसी प्रकार होटल, नर्सिग होम, शराब दुकान, बड़े रेस्टोरेंट आदि के सामने यदि खुला कचरा पड़ा हुआ मिले तो पहली बार स्पाट फाईन रू0 5000/– व दूसरी बार यह गंदगी मिलती है तो उसे सील किये जाने की कार्यवाही की जावे ।

9– आईसीटी सहयोगी संस्था के द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के जीरो वेस्ट वार्डो (7,8,17 व 19) में घर–घर जाकर प्रचार किया जाय कि नाला–नाली में कचरा नहीं डालें एवं सुखा व गीला कचरा पृथक–पृथक डस्ट बिन में रखा जावे । साथ ही डस्ट बिन अपने मकान के

गेट के बाहर रखा जावे ताकि स्वच्छता दीदी द्वारा डस्ट बिन उठाकर कचरा वाहन में डाला जा सके।

10— फील्ड में सुपरविजन करें व फील्ड में प्राप्त होने वाले सुझाव को भी समझें एवं उसे शेयर करें ।

11— रात्रीकालीन सफाई व कामर्शियल एरिया की सफाई पर ध्यान दिया जाए ।

12— पायलट प्रोजेक्ट के अतिरिक्त अन्य सभी वार्डो में जो कार्य चल रहा था वह पूर्वानुसार चलता रहे। श्री ए.पी.सिंह प्र0स्वच्छता अधिकारी, श्री पर्वत हाड़े—प्र0स्वच्छता निरीक्षक व श्री किरणकुमार चौहान प्र0स्वच्छता निरीक्षक द्वारा इसे दिखवाया जाए तथा जब तक स्वच्छ सर्वेक्षण नहीं हो जाता तब तक स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 अन्तर्गत देश में रतलाम नम्बर 01 व 5 स्टार रैटिंग करने के लिए निरन्तर कार्य किया जाय।

13— सीटी/पीटी के समस्त कार्य पूर्ण रूप से कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

14— स्पाट फाईन हेतु गठित टीम द्वारा उड़नदस्ते के वाहन में टीम लीडर द्वारा अनाउंस किया जाएगा व टीम जहां भी जाएगी व मार्केट में कचरा, पॉलीथीन दिख रहा है तो अनाउंस किया जाएगा कि आसपास कचरा, पॉलीथीन न फेंके व पेन ड्राइव लगायी जाए ताकि रिकार्डेड हो जाएगा । उड़नदस्ते की टीम प्रातः 7.00 बजे से निकले व रात्री तक कार्य में लगी रहे ।

15— वार्ड नंबर 12 के कस्तूरबा नगर स्थित रोटरी उद्यान में लीकेज पाइप लाइन की आवश्यक दुरूस्ती की जावे । इसी प्रकार अन्य स्थल पर भी पाइप लाइन लीकेज हो तो उसे दिखवाया जाए ।

16— सीवरेज कार्य के दौरान कस्तूरबा नगर मुख्य मार्ग की सड़क पर हुए गड्ढों की आवश्यक दुरूस्ती करवायी जाय ।

17— अमृतसागर रोड़ के किनारे जो मलवा पड़ा हुआ है उसको दिखवाया जाकर कार्य किया जावे । पूरे शहर में ही पत्थर, ईट, जाली रोड़, ओवरब्रिज, डिवाईडर पर पड़ी हुई है । सड़क पर C&D का मलवा मिल जाता है । इस पर टीम लगाकर कार्य करवाया जाए ।

18— थावरिया बाजार पानी की टंकी के यहां पर उद्यान बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाने हेतु श्री विकास सिंह मरकाम उप यंत्री द्वारा कार्य किया जावे ।

19— थावरिया बाजार स्थित पुरानी पानी की टंकी को तोड़ने का कार्य पूर्ण न होने पर संबंधित को नोटिस दिया जाने की कार्यवाही



Scanned with CamScanner

20— नाला—नाली के कार्य हेतु मैनपॉवर देने के बाद भी कोई अन्तर नहीं दिख रहा है, अतः दिन—रात करते हुए इस पर प्र0स्वच्छता अधिकारी द्वारा ध्यान दिया जावे ।

21— रतलाम नगर में प्रति दिन कितना मीट वेस्ट निकलता है इस हेतु श्री ए.पी.सिंह प्र0स्वच्छता अधिकारी, श्री पर्वत हाड़े—प्र0स्वच्छता निरीक्षक व श्री किरणकुमार चौहान प्र0स्वच्छता निरीक्षक द्वारा मिल करके सर्वे करके इसकी प्रोसेसिंग करने के लिए एक ऑफर बुलवाने हेतु कार्यवाही की जावे।

22— गाड़ियों पर जीपीएस लगाये जावें तथा जो ड्रायवर बिना जीपीएस के गाड़ी लेकर के जाये उसके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जावे ।

23— जीआईएस सर्वे का डाटा संचालनालय में मौजूद है इस हेतु एक पत्र लिखा जावे तथा सहायक आयुक्त द्वारा संपर्क करके भोपाल से डाटा लाया जाने की कार्यवाही की जावे ।

उक्तानुसाार तथा पूर्व बैठक में दिये गए निर्देशों बाबत एवं समक्ष में दिये गए अन्य निर्देशों के संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही की जावे ।

श्री वासुदेव बैरागी समयपाल द्वारा उक्त कार्यवृत को निगम वेबसाईट पर अपलोड किया जावे ।

(सोमनाथ झारिया)
आयुक्त
नगर पालिक निगम रतलाम

पृ0क्र0 /362/36 /नि.स./2021, रतलाम, दिनांक 6—03—2021.

प्रतिलिपि,

1— कलेक्टर एवं प्रशासक महोदय, नगर पालिक निगम—रतलाम की ओर अवलोकनार्थ।

2— समस्त विभाग प्रमुख, नगर पालिक निगम—रतलाम ।

3— संबंधित सर्व श्री वासुदेव बैरागी समयपाल की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित ।

5/3/2021
आयुक्त
नगर पालिक निगम.रतलाम



Scanned with CamScanner